# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।

संख्या–एम0ई0–3/यूजी–2024/ 1621 लखनऊःदिनांक 13 अगस्त,2024

## यू0पी0 नीट यू0जी0 2024 की प्रथम चक की ऑनलाइन काउन्सिलिंग मे प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना/निर्देश।

1. नीट यू0जी0–2024 की प्रवेश परीक्षा में सफल घोषित किए गये अभ्यर्थी ही यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 की काउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह है।
2. नीट यू0जी0–2024 की काउन्सिलिंग मे प्रतिभाग करने वाले समस्त अर्ह अभ्यर्थियों द्वारा विभागीय वेबसाइट https://upneet.gov.in पर लॉगिन कर पंजीकरण किया जायेगा।
3. ***पंजीकरण हेतु अभ्यर्थी स्वयं के मोबाइल नं0 एवं ई–मेल का उपयोग करते हुए पंजीकरण प्रकिया पूर्ण करें क्योंकि किसी भी प्रकार की सूचना का आदान–प्रदान पंजीकरण के समय प्रदान किए गये मोबाईल नं0 एवं ईमेल पर ही किया जायेगा।***
4. ऑनलाइन कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी को पंजीकरण शुल्क रू0 2000/– जमा करना अनिवार्य है। उक्त पंजीकरण शुल्क तृतीय चक की कांउसिलिंग तक मान्य होगा। यदि कोई अभ्यर्थी प्रथम चक की कांउसिलिंग में पंजीकरण शुल्क जमा नही करता है, तो वह प्रथम चक की कांउसिलिंग हेतु अर्ह नही होगा, किन्तु वह अभ्यर्थी द्वितीय व तृतीय चक की कांउसिलिंग हेतु पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरान्त कांउसिलिंग प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते है। पंजीकरण शुल्क किसी भी दशा मे वापस नहीं किया जायेगा, अर्थात् Non Refundable होगा।
5. नीट यू0जी0–2024 मे अर्ह अभ्यर्थियों को पंजीकरण के समय https://upneet.gov.in पर अभिलेखों के ऑनलाइन सत्यापन हेतु **संलग्नक–1** में अंकित किसी एक नोडल सेन्टर का चयन करना होगा **(संलग्नक–1)**
6. अभिलेखो के ऑनलाईन सत्यापन हेतु अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित अभिलेख https://upneet.gov.in पर अपलोड किये जायेंगे :–
   - हाईस्कूल मार्कशीट/प्रमाण–पत्र
   - इण्टरमीडिएट मार्कशीट
   - आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र (OBC, SC, ST, EWS, & EX. Army, NCC, FF, PwD) (यदि लागू हो)
   - डोमिसाईल सर्टिफिकेट (यदि लागू हो)
7. अभ्यर्थियो द्वारा निम्नांकित तालिका के अनुसार धरोहर धनराशि आनलाइन प्रकिया के माध्यम से जमा करायी जायेगी। जिन अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर धनराशि जमा नहीं की जायेगी, वह च्वाईस फिलिंग हेतु अर्ह नहीं होंगे।

| क0सं0 | विवरण | धरोहर धनराशि (Security Money) |
|---|---|---|
| 1 | राजकीय क्षेत्र की मेडिकल/डेण्टल पाठ्यक्रम की सीटों हेतु | रू0 30,000 (रु0 तीस हजार मात्र) |
| 2. | निजी क्षेत्र की मेडिकल पाठ्यक्रम सीटों हेतु | रू0 2,00,000 (रु0 दो लाख मात्र) |
| 3. | निजी क्षेत्र की डेण्टल पाठ्यकम सीटों हेतु | रू0 1,00,000 (रु0 एक लाख मात्र) |

8. ऐसे अभ्यर्थी जो राजकीय एवं निजी (मेडिकल एवं डेन्टल) दोनों क्षेत्र की सीटों हेतु काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करना चाहतें है, उन्हें रू0 2,00,000/– की धरोहर धनराशि जमा करनी होगी।
9. ऐसे अभ्यर्थी जो राजकीय एवं निजी दोनों क्षेत्र की डेन्टल कालेजो की सीटों हेतु काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करना चाहतें है, उन्हें रू0 1,00,000/– की धरोहर धनराशि जमा करनी होगी।
10. धरोहर धनराशि किसी भी दशा में शिक्षण शुल्क में समायोजित नहीं की जायेगी।
11. ***काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को विशेष रूप से सलाह दी जाती है, कि धरोहर धनराशि जमा करते समय अपने स्वयं के बैंक खाते का उपयोग करें, क्योंकि समस्त चक की काउन्सिलिंग समाप्त होने के उपरान्त् अनावंटित एवं प्रवेशित***

***अभ्यर्थियों की धरोहर धनराशि उसी बैंक खाते मे नियमानुसार वापस की जायेगी, जिस खाते से धरोहर धनराशि का भुगतान किया गया है।***

12. राजकीय तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रथम चक्र की काउंसिलिंग द्वारा आंवटित/प्रवेशित अभ्यर्थियों को निःशुल्क निर्गमन (Free Exit) की सुविधा होगी अर्थात् प्रथम चक्र की काउंसिलिंग से आवंटन के पश्चात् यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश नही लिया जाता है तो, उसकी धरोहर धनराशि वापस कर दी जायेगी।

13. प्रथम चक्र की काउंसिलिंग से निःशुल्क निर्गमन (Free Exit) की सुविधा प्राप्त अभ्यर्थी द्वितीय अथवा तृतीय चक्र की काउंसिलिंग में पुनः प्रतिभाग कर सकता है।

14. आरक्षण (अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) संबंधी समस्त प्रमाण–पत्र उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उत्तर प्रदेश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत ही मान्य होंगे।

15. **उत्तर प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डब्ल्यू0एस0) के आरक्षण प्रमाण–पत्र दिनांक 01 अप्रैल, 2024 अथवा इसके पश्चात् का ही मान्य होगें।**

**16.** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आरक्षण संबंधी प्रमाण–पत्र उ0प्र0 शासन द्वारा अद्यतन प्रारूप पर निर्गत करा लें, जिससे कि प्रमाण–पत्र का ऑनलाइन सत्यापन सुविधाजनक रूप से हो सकें।

17. भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण–पत्र के प्रपत्र पर आरक्षण प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

18. उत्तर प्रदेश राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्यों के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में माने जायेंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

19. यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 के अन्तर्गत उपश्रेणी के आरक्षण संबंधी लाभ हेतु निम्नांकित बिन्दु के अनुसार निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें:–

➢ दिव्यांगजनो के दिव्यांगता प्रमाण–पत्र DGHS, MoHFW, New Delhi द्वारा निर्धारित केन्द्रो से निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे।

➢ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितो के लिए आरक्षण संबंधी प्रमाण–पत्र उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उत्तर प्रदेश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत ही मान्य होंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितो के लिए प्रमाण–पत्र का प्रारूप यू0पी0 नीट यू0जी0 2024 के ब्रोशर में दिया गया है।

➢ एन0सी0सी0 प्रमाण–पत्र ( कम से कम "बी" ग्रेडिंग सहित "सी" सार्टीफिकेट ) निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।

➢ भूतपूर्व सैनिक (युद्ध मे अपंग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र–पुत्री के लिए निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे।

20. अभ्यर्थी को यह सलाह दी जाती है कि निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेज में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आवंटन के पश्चात् किसी विषमता की स्थिति से बचने के लिए काउन्सिलिंग/च्वाइस फिलिंग से पूर्व ही सम्बन्धित कालेज के बारे मे स्वयं सम्पूर्ण जानकारी अपने स्तर से प्राप्त कर ले।

21. अभ्यर्थी द्वारा राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेज की सीटो पर प्रवेश हेतु च्वाईस अपनी वरीयता क्रम (Priority) में भरी जाये। अभ्यर्थी द्वारा केवल उन्ही मेडिकल/डेण्टल कालेजों हेतु च्वाईस भरी जाये, जिनमें प्रवेश हेतु वह इच्छुक है, एक बार च्वाईस भरने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा च्वाईस लॉक करने पर किसी भी दशा में लॉक की गयी च्वाईस में संशोधन/परिवर्तन अनुमन्य नही होगा एवं न ही इस संबंध में प्राप्त आवेदन पर महानिदेशालय द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

22. **ऑनलाइन च्वाईस फिलिंग के पश्चात् च्वाईस लॉक करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक न होने की स्थिति में अभ्यर्थी आवंटन प्रक्रिया से स्वतः बाहर हो जायेगा।**

**23.** राजकीय क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजो में आवंटित अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया आवंटित कालेज में पूर्ण की जायेगी।

24. निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजो मे आवंटित अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया शासन द्वारा नामित **संलग्नक–2** में अंकित नोडल सेन्टर पर सम्पन्न की जायेगी **(संलग्नक–2)**

25. निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजों मे आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को शासन/अल्पसंख्यक संस्था द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क (Tution Fee)"**महानिदेशक,चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ"(Director General, Medical Education & Training, U.P. Payable at Lucknow)** के पक्ष मे तैयार सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट, जो लखनऊ मे देय हो, प्रवेश के समय निर्धारित नोडल सेन्टर पर जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति मे प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा। **(संलग्नक–3)**

26. यू0पी0 नीट यू0जी0 2024 का शासनादेश एवं ब्रोशर विभागीय वेबसाइट https://upneet.gov.in तथा https://dgme.up.gov.in पर उपलब्ध है। **अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु विभागीय वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।**

**कृते महानिदेशक।**

संख्या:एम0ई0–3/यू0जी0–2024/

# अनुलग्नकः ।

| क्र0सं0 | अभिलेखों के ऑनलाईन सत्यापन हेतु नोडल सेण्टर |
|---|---|
| 1 | किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ |
| 2 | डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ |
| 3 | जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर |
| 4 | एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा |
| 5 | एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ |
| 6 | एम0एल0बी0 मेडिकल कालेज, झाँसी |
| 7 | बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर |
| 8 | एम0एल0एन0 मेडिकल कालेज, प्रयागराज |
| 9 | उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा |
| 10 | राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़ |
| 11 | राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर |
| 12 | राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज |
| 13 | राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन |
| 14 | राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर |
| 15 | राजकीय मेडिकल कालेज, बाँदा |
| 16 | जिम्स, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर |
| 17 | राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूं |
| 18 | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या |
| 19 | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोज़ाबाद |
| 20 | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर। |

# अनुलग्नकः ।।

## निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजों मे आवंटित अभ्यर्थियो की प्रवेश प्रकिया पूर्ण किये जाने हेतु नोडल सेन्टर की सूची

| क0 | नोडल सेन्टर | निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज | निजी क्षेत्र के डेन्टल कालेज |
|---|---|---|---|
| 1. | किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 1. कैरियर इंस्टी0 आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ।<br>2. एराज लखनऊ मेडिकल कालेज, लखनऊ।<br>3. टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ।<br>4. इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज,लखनऊ।<br>5. प्रसाद इंस्टी0 आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ। | 1. कैरियर इंस्टी0 आफ डेन्टल साइंसेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ।<br>2. सरस्वती डेन्टल कालेज एण्ड रिसर्च, लखनऊ।<br>3. सरदार पटेल पोस्ट ग्रेजुएट आफ डेन्टल साइन्सेज, लखनऊ |
| 2. | डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज, लखनऊ | 6. हिन्द इंस्टीटयूट आफ मेडिकल साइन्सेज, बाराबंकी<br>7. मेयो इंस्टीटयूट आफ मेडिकल कालेज साइन्सेज, बाराबंकी।<br>8. हिन्द इंस्टीटयूट आफ मेडिकल साइन्सेज, सीतापुर। | 4. बी0बी0डी0 कालेज आफ डेन्टल साइन्सेज, लखनऊ।<br>5. चन्द्रा डेण्टल कालेज, बाराबंकी। |
| 3. | जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर | 9. रामा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज, कानपुर।<br>10. सरस्वती मेडिकल कॉलेज, उन्नाव।<br>11.नारायणा मेडिकल कालेज, कानपुर। | 6. रामा डेन्टल कालेज, कानपुर।<br>7. महाराणा प्रताप डेन्टल कालेज एण्ड हास्पिटल, कानपुर। |
| 4. | एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा। | 12. के0डी0 मेडिकल कालेज, मथुरा।<br>13. एफ0एच0 मेडिकल कालेज, आगरा।<br>14. कृष्ण मोहन मेडिकल कॉलेज, मथुरा।<br>15. एस0के0एस0 मेडिकल कालेज, मथुरा। | 8. के0डी0 डेन्टल कालेज, मथुरा। |
| 5. | एल0एल0आर0 एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ। | 16. सुभारती मेडिकल कालेज, मेरठ।<br>17. सरस्वती इंस्टीटयूट आफ मेडिकल कालेज साइन्सेज, हापुड<br>18. मुजफ्फरनगर मेडिकल कालेज, मुजफ्फरनगर<br>19. नेशनल कैपिटल रीजन इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (एमएसवाई), मेरठ।<br>20. रामा मेडिकल कालेज हापुड<br>21. अजय सांगल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज एण्ड रिसर्च सेन्टर एण्ड आयुषमान हास्पिटल, शामली | 9 सुभारती डेन्टल कालेज, मेरठ।<br>10. कालका डेन्टल कालेज एण्ड हास्पिटल, मेरठ।<br>11. कोठीवाल डेण्टल कालेज एण्ड रिसर्च सेन्टर, मुरादाबाद। |
| 6. | एम0एल0एन0 मेडिकल कालेज प्रयागराज | 22. हेरिटेज इंस्टीटयूट आफ मेडिकल कालेज साइन्सेज, वाराणसी।<br>23. यूनाइटेड इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, प्रयागराज। | |
| 7. | बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर | 24. श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कालेज हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, गोरखपुर।<br>25. के0एम0सी0 मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, महाराजगंज। | 12. पूर्वांचल इंस्टीट्यूट डेन्टल साइन्स, गोरखपुर।<br>13. डेन्टल कालेज, आजमगढ़। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8. | राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोयडा। | 26. स्कूल ऑफ मेडिकल साइसेंज, (शारदा यूनिवर्सटी ) ग्रेटर नोयडा ।<br>27. नोयडा इन्टरनेशनल इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज।<br>28. जी0एस0 मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, पिलखुआ, हापुड। | 14. आई0टी0एस0 सेन्टर फार डेन्टल मुरादनगर गाजियाबाद।<br>15. स्कूल ऑफ डेण्टल साइसेंज, (शारदा यूनिवर्सटी ) ग्रेटर नोयडा।<br>16. इन्द्रप्रस्थ डेण्टल कालेज गाजियाबाद।<br>17. आई0टी0एस0 डेण्टल कालेज, हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर ग्रेटर नोयडा।<br>18.आई0डी0एस0टी0 डेण्टल कालेज, मोदीनगर, गाजियाबाद।<br>19. डी0जे0 डेण्टल कालेज गाजियाबाद।<br>20. श्री बांके बिहारी डेण्टल कालेज गाजियाबाद। |
| 9. | बरेली इन्टरनेशनल विश्वविद्यालय, बरेली। | 29. रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज बरेली।<br>30. वरूण अर्जुन मेडिकल कालेज शाहजहॉपुर।<br>31. राजश्री मेडिकल कालेज बरेली।<br>32. श्री राममूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज बरेली। | 21. आई0डी0एस0 डेण्टल कालेज बरेली। |
| 10. | तीर्थांकर महावीर मेडिकल कालेज, मुरादाबाद। | 33. तीर्थांकर महावीर मेडिकल कालेज मुरादाबाद।<br>34. श्री वेंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज, गजरौला, अमरोहा।<br>35. श्री सिद्धी विनायक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, संभल। | 22. तीर्थांकर महावीर मेडिकल कालेज मुरादाबाद। |

उत्तर प्रदेश शासन,
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4
लखनऊः दिनांक 11 जुलाई, 2024

**विज्ञप्ति**

विज्ञप्ति संख्या-I/666507/2024-71-4099/34/2021 दिनांक 12 जून, 2024 द्वारा उ0प्र0 निजी व्यवसायिक शैक्षणिक संस्था (प्रवेश का विनियमन और फीस का नियतन) अधिनियम, 2006 की धारा-4 सपठित उ0प्र0 निजी व्यवसायिक शैक्षणिक संस्था (प्रवेश का विनियमन और फीस का नियतन) (समिति का गठन) नियमावली, 2008 के नियम-3(1) के अनुसार चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल पाठ्यक्रमों के शुल्क निर्धारण हेतु समिति का गठन किया गया है। उक्त अधिनियम की धारा-10(2) में निम्नलिखित प्राविधान है, जिसका उल्लेख उक्त सन्दर्भित विज्ञप्ति दिनांक 12 जून, 2024 में भी है:-

''समिति, कोई फीस निर्धारित करने के पूर्व संस्था को सुनवाई का अवसर देगी परन्तु, ऐसी कोई फीस जैसी समिति द्वारा निर्धारित की जाय मुनाफाखोरी या शिक्षा के वाणिज्यीकरण के लिए नहीं होगी।''

उक्त अधिनियम के अध्याय-2 की धारा-4(8) में निम्नलिखित उल्लेख है:-

''समिति किसी सहायता प्राप्त या गैर सहायता प्राप्त निजी व्यवसायिक शैक्षणिक संस्था या किसी समविश्वविद्यालय या निजी विश्वविद्यालय से किसी विहित दिनांक तक ऐसी सूचना प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेगी, जो प्रत्येक व्यवसायिक पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में संस्था द्वारा इस अधिनियम की धारा-10 के अधीन यथा उपबन्धित निर्धारित की जाने वाली फीस को अवधारित करने के लिए समिति को समर्थ बनाने हेतु आवश्यक हो और इस प्रकार अवधारित फीस ऐसी अवधि तक विधिमान्य रहेगी, जैसी राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाय।''

2- उल्लेखनीय है कि दिनांक 10 जुलाई, 2024 से वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए यू0पी0 नीट एम0डी0एस0 के प्रथम चक्र की ऑन लाइन काउंसिलिंग हो रही है, जिसके पूर्व वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु शुल्क का निर्धारण किया जाना अपेक्षित है। अधिनियम की धारा-4(8) के अनुसार निजी क्षेत्र के चिकित्सा महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में शुल्क अवधारण हेतु वांछित सूचनायें प्राप्त करने में समय लगने की सम्भावना है तथा संस्थाओं को सुनवाई का अवसर दिये बिना शुल्क का अवधारण किया जाना नियमानुसार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु शुल्क-निर्धारण के सम्बन्ध में किसी संस्था द्वारा समिति के समक्ष आवेदन नहीं दिया गया है। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए विज्ञप्ति दिनांक 12 जून, 2024 द्वारा गठित समिति को शुल्क अवधारित करने का अवसर नहीं है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में शुल्क निर्धारण समिति द्वारा अधिनियम, 2006 की धारा-10(2) के अनुसार संस्थाओं को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए नियमानुसार शुल्क अवधारित किया गया था, जो संलग्न है।

अतएव वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार यह विनिश्चय करती है कि निजी क्षेत्र के चिकित्सा महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/डीम्ड विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु अवधारित शुल्क(संलग्नक-1,2,3 एवं 4) वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 तक विधिमान्य रहेगा।

<u>संलग्नक-1,2,3 एवं 4 (यथोक्त)</u>

Signed by
Partha Sarthi Sensharma
Date: 11-07-2024 16:45:54
(पार्थ सारथी सेन शर्मा)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि संलग्न विवरण के अनुसार निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों के एम0बी0बी0एस0/एम0डी0/ एम0एस0/ बी0डी0एस0/एम0डी0एस0 पाठ्यक्रमों हेतु संलग्न विवरण के अनुसार निर्धारित शुल्क की सूचना महानिदेशालय की अधिकृत वेबसाईट htpp://upmededu.in पर प्रदर्शित की जायेगी तथा उक्त संस्थाओं द्वारा भी इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न शुल्क की सूची उनकी अधिकृत वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य होगा।
4. निदेशक,एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
5. समस्त प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, निजी क्षेत्र के चिकित्सा महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/डीम्ड विश्वविद्यालय द्वारा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0।
6. निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री/मा0 राज्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव,सचिव, विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. निदेशक, मुद्रण एवं प्रकाशन, ऐशबाग, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को असाधारण गजट के भाग-4, खण्ड-(ख) में प्रकाशित कराकर 50 प्रतियां चिकित्सा शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
9. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संलग्नक-1

एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु निर्धारित शुल्क

| क्र.सं. | संस्था का नाम | निर्धारित शुल्क (धनराशि रूपए में) |
|---|---|---|
| 1 | श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज़, बरेली। | 13,73,760 |
| 2 | स्कूल आफ मेडिकल साइंसेज़ एण्ड रिसर्च, ग्रेटर नोएडा। | 12,69,319 |
| 3 | सुभारती मेडिकल कालेज, मेरठ। | 11,85,133 |
| 4 | हिन्द इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज, बाराबंकी। | 11,70,612 |
| 5 | मुजफ्फरनगर मेडिकल कालेज, मुजफ्फरनगर। | 12,80,037 |
| 6 | सरस्वती इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, हापुड़। | 11,81,671 |
| 7 | रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, बरेली | 13,00,251 |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | हैरिटेज इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, वाराणसी। | 13,21,492 |
| 9 | रामा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल कानपुर। | 12,66,579 |
| 10 | हिन्द इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज, सीतापुर। | 10,77,229 |
| 11 | मेयो इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, बाराबंकी। | 11,21,162 |
| 12 | के0डी0मेडिकल कालेज हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर मथुरा। | 12,28,240 |
| 13 | राजश्री मेडिकल कालेज एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली। | 12,28,406 |
| 14 | रामा मेडिकल कालेज हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, हापुड़ | 13,09,968 |
| 15 | प्रसाद इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ। | 11,03,932 |
| 16 | टी0एस0मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, अमौसी, लखनऊ। | 12,99,199 |
| 17 | नोएडा इन्टरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, गौतमबुद्धनगर। | 11,92,211 |
| 18 | जी0एस0मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, हापुड़। | 11,78,892 |
| 19 | सरस्वती मेडिकल कालेज, उन्नाव। | 11,59,610 |
| 20 | यूनाईटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, प्रयागराज। | 11,90,401 |
| 21 | नेशनल कैपिटल रीजन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मेरठ।(एम0एस0वाई0मेडिकल कालेज, मेरठ) | 12,19,917 |
| 22 | कृष्ण मोहन मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, मथुरा। | 11,73,856 |
| 23 | वरूणार्जुन मेडिकल कालेज एण्ड रूहेलखण्ड हास्पिटल, शाहजहांपुर। | 12,10,000 |
| 24 | श्री वेंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज,गजरौला, अमरोहा। | 11,10,508 |
| 25 | नारायना मेडिकल कालेज एण्ड रिसर्च सेन्टर कानपुर | 12,14,683 |
| 26 | एस0 के0 एस0 हॉस्पिटल मेडिकल कालेज एण्ड रिसर्च सेन्टर, मथुरा | 12,14,683 |

**छात्रावास शुल्क-**

(ए) नॉन ए0सी0 - रू0 1,50,000प्रतिवर्ष।

(बी) ए0सी0 - रू0 1,75,000प्रतिवर्ष।

उक्त शुल्क में मेस शुल्क सम्मिलित है। एक कक्ष में दो से अधिक छात्र नहीं रखे जायेंगे। छात्रों को ब्रेक फास्ट लन्च व डिनर उपलब्ध कराया जायेगा। आहार पौष्टिक तथा वेरायटी का होगा।

**सिक्योरिटी डिपॉजिट (वापसी योग्य)-**

हास्पिटल, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री एवं अन्य समस्त सिक्योरिटी राशि को शामिल करते हुए:- रू0 3,00,000 (एक बार)।

**विविध शुल्क-** रू0 85,600 प्रतिवर्ष।

उक्त विविध शुल्क में समस्त प्रकार के शुल्क एवं चार्जेज यथा विश्वविद्यालय पंजीकरण, डेवलपमेंट फीस, लाइब्रेरी फीस, स्टूडेन्ट एसोशियेशन फीस, जिम एण्डस्पोर्टस फीस, प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि सम्मिलित है। उकृत के अतिरिकृत कालेज द्वारा कोई अन्य फीस नहीं ली जायेगी।

शैक्षणिक शुल्क छात्रों से प्रतिवर्ष जमा कराया जायेगा एवं किसी भी दशा में शैक्षणिक शुल्क की राशि एकमुश्त अग्रिम के तौर पर जमा नहीं करायी जायेगी। संबंधित मेडिकल कालेज उपर्युकृतानुसार निर्धारित शुल्क से कम शुल्क लेने के लिए स्वतन्त्र है।

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

-

**संलग्नक-2**

**बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु निर्धारित शुल्क**

| क्रं/सं | संस्था का नाम | निर्धारित शुल्क (धनराशि रू0 में) |
|---|---|---|
| 1. | सरदार पटेल डेण्टल कालेज लखनऊ। | रू0 3,42,000/- |
| 2. | आई0डी0एस0 डेण्टल कालेज बरेली। | रू0 2,93,000/- |
| 3. | श्री बांके बिहारी डेण्टल कालेज गाजियाबाद। | रू0 3,60,000/- |
| 4. | कालका डेण्टल कालेज मेरठ | रू0 2,93,000/- |
| 5. | चन्द्रा डेण्टल कालेज बाराबंकी | रू0 2,93,000/- |
| 6. | डेण्टल कालेज आजमगढ | रू0 2,93,000/- |
| 7. | पूर्वान्चल डेण्टल कालेज गोरखपुर | रू0 2,93,000/- |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | के0डी0 डेण्टल कालेज मथुरा | रू0 3,28,000/- |
| 9. | इन्द्रप्रस्थ डेण्टल कालेज गजियाबाद | रू0 3,13,000/- |
| 10. | रामा डेण्टल कालेज कानपुर | रू0 3,13,000/- |
| 11. | आई0टी0एस0 डेण्टल कालेज, ग्रेटर नोयडा। | रू0 3,65,000/- |
| 12. | आई0टी0एस0 डेण्टल कालेज, गाजियाबाद। | रू0 3,84,000/- |
| 13. | सुभारती डेण्टल कालेज मेरठ | रू0 3,13,500/- |
| 14. | स्कूल ऑफ डेण्टल साइसेंज, ग्रेटर नोयडा। | रू0 3,65,000/- |
| 15. | बी0बी0डी0 डेण्टल कालेज लखनऊ | रू0 3,48,000/- |
| 16. | कोठीवाल डेण्टल कालेज मुरादाबाद। | रू0 3,65,000/- |
| 17. | महाराना प्रताप डेण्टल कालेज कानपुर | रू0 3,21,000/- |
| 18. | आई0डी0एस0टी0 डेण्टल कालेज, मोदीनगर, गाजियाबाद। | रू0 3,38,000/- |
| 19. | सरस्वती डेण्टल कालेज लखनऊ | रू0 2,93,000/- |

**छात्रावास शुल्क-**

(ए) नॉन ए0सी0 - रू0 0.85 लाख प्रतिवर्ष।

(बी) ए0सी0 - रू0 1.05 लाख प्रतिवर्ष।

उक्त शुल्क में मेस शुल्क सम्मिलित है। एक कक्ष में दो से अधिक छात्र नही रखे जायेंगे। छात्रों को ब्रेक फास्ट लन्च व डिनर उपलब्ध कराया जायेगा। आहार पौष्टिक तथा वेरायटी का होगा।

**सिक्योरिटी डिपॉजिट (वापसी योग्य)-**

हास्पिटल, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री एवं अन्य समस्त सिक्योरिटी राशि को शामिल करते हुएः- रू0 3,00,000 (एक बार)।

**विविध शुल्क-** रू0 0.40 लाख प्रतिवर्ष।

उक्त विविध शुल्क में समस्त प्रकार के शुल्क एवं चार्जेज यथा विश्वविद्यालय पंजीकरण, डेवलपमेंट फीस, लाइब्रेरी फीस, स्टूडेन्ट एसोशियेशन फीस, जिम एण्डस्पोर्टस फीस, प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि सम्मिलित है।उक्त के अतिरिक्त कालेज द्वारा कोई अन्य फीस नही ली जायेगी।

शैक्षणिक शुल्क छात्रों से प्रतिवर्ष जमा कराया जायेगा एवं किसी भी दशा में शैक्षणिक शुल्क की राशि एकमुश्त अग्रिम के तौर पर जमा नहीं करायी जायेगी। संबंधित डेण्टल कालेज उपर्युक्तानुसार निर्धारित शुल्क से कम शुल्क लेने के लिएं स्वतन्त्र है।

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

**संलग्नक-3**

**एम0डी0/एम0एस0 पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु निर्धारित शुल्क**

| क्र.सं. | संस्था का नाम | निर्धारित शुल्क (धनराशि रूपए में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | क्लीनिकल | पैथोलॉजी | नॉन क्लीनिकल |
| 1 | श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, बरेली। | 25,09,957 | 13,51,477 | 9,65,384 |
| 2 | स्कूल आफ मेडिकल साइंसेज एण्ड रिसर्च, ग्रेटर नोएडा।(शारदा विश्वविद्यालय) | 25,40,649 | 13,68,025 | 9,77,116 |
| 3 | सुभारती मेडिकल कालेज, मेरठ। | 14,43,744 | 10,80,000 | 8,64,000 |
| 4 | हिन्द इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज, बाराबंकी। | 25,24,901 | 13,59,562 | 9,71,116 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | मुजफ्फरनगर मेडिकल कालेज, मुजफ्फरनगर। | 23,23,197 | 12,50,889 | 8,93,521 |
| 6 | सरस्वती इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, हापुड़। | 20,22,143 | 10,88,846 | 8,45,377 |
| 7 | रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, बरेली | 23,09,009 | 12,43,216 | 8,88,056 |
| 8 | हैरिटेज इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, वाराणसी। | 21,12,517 | 11,37,509 | 8,35,482 |
| 9 | रामा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल कानपुर। | 21,35,358 | 12,37,024 | 8,83,589 |
| 10 | हिन्द इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज, सीतापुर। | 20,40,950 | 10,98,973 | 8,20,359 |
| 11 | मेयो इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, बाराबंकी। | 20,30,961 | 10,93,571 | 8,18,235 |
| 12 | राजश्री मेडिकल कालेज एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली। | 20,74,900 | 11,17,300 | 8,00,000 |
| 13 | रामा मेडिकल कालेज हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, हापुड़ | 20,63,010 | आवश्यकता नहीं | आवश्यकता नहीं |
| 14 | टी0एस0मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, अमौसी, लखनऊ। | 21,63,946 | 11,11,700 | 8,00,000 |
| 15 | प्रसाद इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ। | 21,63,946 | आवश्यकता नहीं | आवश्यकता नहीं |
| 16 | जी0एस0मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, हापुड़। | 21,63,946 | आवश्यकता नहीं | आवश्यकता नहीं |
| 17 | नेशनल कैपिटल रीजन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मेरठ।(एम0एस0वाई0मेडिकल कालेज, मेरठ) | आवश्यकता नहीं | 12,02,199 | 8,80,186 |
| 18 | कृष्ण मोहन मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, मथुरा। | 21,63,946 | 11,96, 543 | आवश्यकता नहीं |
| 19 | वरूणार्जुन मेडिकल कालेज एण्ड रूहेलखण्ड हास्पिटल, शाहजहांपुर। | 21,63,946 | 12,02,199 | 8,80,186 |
| 20 | श्री वेंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज,गजरौला, अमरोहा। | 21,63,946 | 12,02,199 | आवश्यकता नहीं |
| 21 | के0डी0मेडिकल कालेज हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर मथुरा। | 21,63,946 | 12,02,199 | आवश्यकता नहीं |
| 22 | यूनाईटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज, प्रयागराज। | आवश्यकता नहीं | 11,96, 543 | 8,74,840 |

<u>छात्रावास शुल्क-</u>

(ए) नॉन ए0सी0 सिंगिल आकूपेन्सी - रू0 2,50,000 प्रतिवर्ष।
(बी) ए0सी0 सिंगिल आकूपेन्सी - रू0 3,00,000 प्रतिवर्ष।
(सी) नॉन ए0सी0 डबल आकूपेन्सी - रू0 1,75,000 प्रतिवर्ष।
(डी) ए0सी0 डबल आकूपेन्सी - रू0 2,10,000 प्रतिवर्ष।

उक्त शुल्क में मेस शुल्क सम्मिलित है। छात्रों को ब्रेक फास्ट, लन्च व डिनर उपलब्ध कराया जायेगा। आहार पौष्टिक तथा वेरायटी का होगा।

<u>सिक्योरिटी डिपॉजिट (वापसी योग्य)-</u>

हास्पिटल, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री एवं अन्य समस्त सिक्योरिटी राशि को शामिल करते हुएः- रू0 5,00,000 (एक बार)।

<u>विविध शुल्क-</u>रू0 1,28,400 प्रतिवर्ष।

उक्त विविध शुल्क में समस्त प्रकार के शुल्क एवं चार्जेज यथा विश्वविद्यालय पंजीकरण, डेवलपमेंट फीस, लाइब्रेरी फीस, स्टूडेन्ट एसोशियेशन फीस, जिम एण्डस्पोर्टस फीस, प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि सम्मिलित है। उक्त के अतिरिक्त कालेज द्वारा कोई अन्य फीस नहीं ली जायेगी।

शैक्षणिक शुल्क छात्रों से प्रतिवर्ष जमा कराया जायेगा एवं किसी भी दशा में शैक्षणिक शुल्क की राशि एकमुश्त अग्रिम के तौर पर जमा नहीं करायी जायेगी। संबंधित मेडिकल कालेज उपर्युक्तानुसार निर्धारित शुल्क से कम शुल्क लेने के लिए स्वतन्त्र है।

(मनोज कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संलग्नक-4

**एम0डी0एस0 पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु निर्धारित शुल्क**

| क्र/सं | संस्था का नाम | निर्धारित शुल्क (धनराशि रू0 में) |
|---|---|---|
| 1. | सरदार पटेल डेण्टल कालेज लखनऊ। | रू0 7,90,500/- |
| 2. | आई0डी0एस0 डेण्टल कालेज बरेली। | रू0 8,06,400/- |
| 3. | श्री बांके बिहारी डेण्टल कालेज गाजियाबाद। | रू0 8,59,700/- |
| 4. | कालका डेण्टल कालेज मेरठ | रू0 5,90,000/- |
| 5. | चन्द्रा डेण्टल कालेज बाराबंकी | रू0 5,42,100/- |
| 6. | डेण्टल कालेज आजमगढ़ | रू0 7,07,100/- |
| 7. | के0डी0 डेण्टल कालेज मथुरा | रू0 6,70,400/- |
| 8. | इन्द्रप्रस्थ डेण्टल कालेज गजियाबाद | रू0 7,65,000/- |
| 9. | रामा डेण्टल कालेज कानपुर | रू0 8,03,300/- |
| 10. | आई0टी0एस0 डेण्टल कालेज, ग्रेटर नोयडा। | रू0 8,16,000/- |
| 11. | आई0टी0एस0 डेण्टल कालेज, गाजियाबाद। | रू0 8,10,000/- |
| 12. | सुभारती डेण्टल कालेज मेरठ | रू0 4,97,500/- |
| 13. | स्कूल ऑफ डेण्टल साइसेंज, ग्रेटर नोयडा। | रू0 7,69,400/- |
| 14. | बी0बी0डी0 डेण्टल कालेज लखनऊ | रू0 7,26,900/- |
| 15. | कोठीवाल डेण्टल कालेज मुरादाबाद। | रू0 6,72,300/- |
| 16. | आई0डी0एस0टी0 डेण्टल कालेज, मोदीनगर, गजियाबाद। | रू0 7,67,600/- |
| 17. | सरस्वती डेण्टल कालेज लखनऊ | रू0 6,00,000/- |

**छात्रावास शुल्क-**

(ए) नॉन ए0सी0 सिंगिल आकूपेन्सी - रू0 1.25 लाख प्रतिवर्ष।
(बी) ए0सी0 सिंगिल आकूपेन्सी - रू0 1.50 लाख प्रतिवर्ष।
(सी) नॉन ए0सी0 डबल आकूपेन्सी - रू0 87,500.00 प्रतिवर्ष।
(डी) ए0सी0 डबल आकूपेन्सी - रू0 1.05 लाख प्रतिवर्ष।
उक्त शुल्क में मेस शुल्क सम्मिलित है।

**सिक्योरिटी डिपॉजिट (वापसी योग्य)-**

हास्पिटल, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री एवं अन्य समस्त सिक्योरिटी राशि को शामिल करते हुए:-
रू0 3,00,000 (एक बार)।

**विविध शुल्क-**रू0 1.00 लाख प्रतिवर्ष।

उक्त विविध शुल्क में समस्त प्रकार के शुल्क एवं चार्जेज यथा विश्वविद्यालय पंजीकरण, डेवलपमेंट फीस, लाइब्रेरी फीस, स्टूडेन्ट एसोशियेशन फीस, जिम एण्डस्पोर्टस फीस, प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि सम्मिलित है। उक्त के अतिरिक्त कालेज द्वारा कोई अन्य फीस नहीं ली जायेगी।

शैक्षणिक शुल्क छात्रों से प्रतिवर्ष जमा कराया जायेगा एवं किसी भी दशा में शैक्षणिक शुल्क की राशि एकमुश्त अग्रिम के तौर पर जमा नहीं करायी जायेगी। संबंधित डेण्टल कालेज उपर्युक्तानुसार निर्धारित शुल्क से कम शुल्क लेने के लिए स्वतन्त्र है।

(मनोज कुमार सिंह)
Signed by
Manoj Kumar Singh
Date: 11-07-2024 17:06:12

ERA UNIVERSITY

ERA'S LUCKNOW MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Sarfarazganj, Hardoi Road, Lucknow -226003,
Phone : 0522-6600777, Fax : 0522-2407824

Ref. No. ELMC &H/ 2024/ 2342 Date: 05/08/2024

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 की काउन्सिलिंग के माध्यम से एम0बी0बी0एस0/ बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों से शुल्क लिये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदया,

कृपया आपने पत्र संख्या एमई–3/2024/1530 लखनऊ: दिनांक 30 जुलाई, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

एराज़ लखनऊ मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ द्वारा यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 के काउन्सिलिंग में अभ्यर्थियों/अभिभावकों से स्नातक (एम0बी0बी0एस0) पाठ्यक्रम हेतु लिये जाने वाले शुल्क की सूचना आपके कार्यालय द्वारा भेजे गये निम्नलिखित प्रारूप पर उपलब्ध कराया जा रहा है:–

| शिक्षण–शुल्क (Tuition Fee) | छात्रावास शुल्क (Hostel fee) | सिक्योरिटी शुल्क (Security fee) | विविध शुल्क यदि कोई (Misc. Fee) If any | कुल योग (Grand Total) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 |
| Rs. 16,60,000/- (Sixteen Lacs & Sixty Thousand Only) per annum | Rs. 1,50,000/- Hostel charges per annum (Triple Sharing Non- AC room) | Rs. 1,00,000/- (One Lac Only) one time | - | Rs. 20,60,000/-* (Twenty Lacs Sixty Thousand Only) (Including Mess charges) |

**Note:-**

1. 8% annual increment over the previous year tuition fee.
2. Hostel is compulsory, *Mess charges are 1,50,000/- per annum in addition to the hostel charges.
3. One time refundable security deposit at the time of admission.
4. Examination and Enrollment fee as per University norms.

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

धन्यवाद,

भवदीय,

डॉ0 (प्रो0) जमाल मसूद
प्रधानाचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
एराज़ लखनऊ मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय

FHMC
FH Medical College

# F.H. Medical College

NH-2, Near Railway Over Bridge, Etmadpur, Agra
Mob. 9568005051, 9568005053

संदर्भ संख्या : FHMC/2024/470

दिनांक : 05.08.2024

सेवा में,

महानिदेशक
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रषिक्षण
उत्तर प्रदेश।

विषय– यू.पी. नीट यू.जी.–2024 की ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शुल्क का विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में–

महोदय,

आपके पत्रांक संख्या : एम.ई.–3 / 2024 / 1530 दिनांक 30.07.2024 के सम्बन्ध में संस्थान "**एफ. एच. मेडिकल कॉलेज, एत्मादपुर, आगरा**" द्वारा यू.पी. नीट यूजी.–2024 की ऑनलाइन काउन्सिलिंग के द्वारा आवंटित / प्रवेशित अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शुल्क का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र.सं. | शिक्षण शुल्क | छात्रावास शुल्क | विविध शुल्क | सिक्यौरिटी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **Rs.16,50,000/-per year**<br>(Sixteen Lacks Fifty Thousand Only) | 1.**Rs.2,50,000/- per year**<br>(Non AC Double seated with fooding)<br>2.**Rs.3,00,000/- per year**<br>(AC Double seated with fooding<br>3.**Rs.3,50,000/- per year**<br>(AC Single seated with fooding) | **Rs.85,600/- per year** | **Rs.3,00,000/-One time (Refundable)** |

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

चेयरमैन

CHAIRMAN
F.H. MEDICAL COLLEGE
ETMADPUR AGRA

# INTEGRAL UNIVERSITY
# इंटीग्रल विश्वविद्यालय

Accredited by NAAC. Approved by the University Grants Commission (UGC) under Sections 2(f) and 12B of the UGC Act, 1956, National Medical Commission (NMC), PCI, IAP, BCI, INC, CoA, NCTE, DEB & Uttar Pradesh State Medical Faculty (UPSMF). Member of AIU. Recognized as a Scientific & Industrial Research Organization (SIRO), Government of India.

## INTEGRAL INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH


**Ref. No: IIMSR/DO/2024/2234** **Date: 12.08.2024**

To,

**The D.G.M.E (UP)**

**Lucknow,**

**Uttar Pradesh.**

**Subject: MBBS Fee Structure for NEET UG 2024-25.**

Dear Sir,

With reference to letter no. ME-3/UG-2024/1530 dated 30.07.2024 regarding subject cited above, the detailed UG Fee Structure (2024-25) for MBBS Course at Integral Institute of Medical Sciences & Research, Lucknow is as under:-

| S.N. | Tuition Fee (per annum) | Hostel Fee (Shared) (per annum) | Security Fee (Refundable) | Miscellaneous Fee (per annum) | Total Fees |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rs.18,00,000/- | **Total: Rs. 2,60,000/- (Double seater with AC)**<br>Hostel Fee: Rs 1,60,000/-<br>Mess Charges: Rs. 1,00,000/- | Rs. 1,00,000/- | Rs. 1,00,000/- | **Rs. 22,60,000/-** |

**NOTE:**

a) **Enrollment Fee (one time) & Examination Fees (per annum) will be charged separately as per university norms.**

Submitted for kind information and inclusion of aforesaid fee structure at all appropriate places for information to the prospective students.

(for) [signature]

**Prof. (Dr.) Abha Chandra**

Dean

Integral Institute of Medical Sciences & Research IIMSR Lucknow

Copy to:

1. All Concerned
2. Office File

# TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY

(Established under Govt. of. U.P. Act. No. 30, 2008)
Delhi Road, Moradabad-244001 (U.P.) India
Tel. : +91-0591-2360222, 2476801, E-mail : university@tmu.ac.in, Website : www.tmu.ac.in

Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC

सेवा में,

दिनांकः 06.08.2024

**महानिदेशक**
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण
छठा तल, जवाहर भवन,
लखनऊ

**विषयः यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 की काउन्सिलिंग के माध्यम से स्नातक पाठ्यक्रम (एम.बी.बी.एस.) में प्रवेश हेतु तीर्थंकर महावीर मेडिकल कालेज एण्ड रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद में अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शुल्क के विवरण की सूचना।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक संख्या– एम0ई0–3/2024/1530 लखनऊ दिनांक 30 जुलाई, 2024 के अनुपालन में तीर्थंकर महावीर मेडिकल कालेज एण्ड रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम हेतु लिये जाने वाले शिक्षण शुल्क एवं अन्य लिये जाने वाले शुल्क का विवरण निम्नांकित प्रारूप प्रस्तुत है–

| शिक्षण–शुल्क (गैर अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों के लिऐ) | शिक्षण–शुल्क (जैन अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों के लिऐ) | छात्रावास शुल्क | सिक्योरिटी (Refundable) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| Rs. 16,20,000/- (Sixteen Lac & Twenty Thousand Only) per annum | - | Rs. 1,50,000/- (One Lac Fifty Thousand only) per annum for boarding in Ordinary Room (Non A.C) Triple sharing. | Rs. 1,00,000/- (One Lac only) | Rs. 18,70,000/- (Eighteen Lac & Seventy Thousand Only) |
| | - | Rs. 2,50,000/- (Two Lac Fifty Thousand only) per annum for Triple sharing with Airconditioned. | | Rs. 19,70,000/- (Nineteen Lac & Seventy Thousand Only) |
| | - | Rs. 3,00,000/- (Three Lac only) per annum for Twine sharing with Airconditioned. | | Rs. 20,20,000/- (Twenty Lac & Twenty Thousand Only) |

# TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY

(Established under Govt. of. U.P. Act. No. 30, 2008)
Delhi Road, Moradabad-244001 (U.P.) India
Tel. : +91-0591-2360222, 2476801, E-mail : university@tmu.ac.in, Website : www.tmu.ac.in

Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC


| शिक्षण–शुल्क (गैर अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों के लिए) | शिक्षण–शुल्क (जैन अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों के लिए) | छात्रावास शुल्क | सिक्योरिटी (Refundable) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| - | Rs. 15,69,000/- (Fifteen Lac & Sixty Nine Thousand Only) per annum | Rs. 1,50,000/- (One Lac Fifty Thousand only) per annum for boarding in Ordinary Room (Non A.C) Triple sharing. | Rs. 1,00,000/- (One Lac only) | Rs. 18,19,000/- (Eighteen Lac & Nineteen Thousand Only) |
| - | | Rs. 2,50,000/- (Two Lac Fifty Thousand only) per annum for Triple sharing with Airconditioned. | | Rs. 19,19,000/- (Nineteen Lac & Nineteen Thousand Only) |
| - | | Rs. 3,00,000/- (Three Lac only) per annum for Twine sharing with Airconditioned. | | Rs. 19,69,000/- (Nineteen Lac & Sixty Nine Thousand Only) |

*** An amount not exceeding Rs. 1,00,000/- shall be charged for Mess / Food Charges etc.**

- 8.1% annual increment shall be applicable over the previous year.
- Hostel compulsory. Triple sharing A.C. rooms and Twins sharing A.C. rooms are optional.
- Examination & Enrolment fee as per university norms.

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सादर धन्यवाद।

भवदीय

(अभिषेक कपूर)
निदेशक प्रशासन

# CAREER INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & HOSPITAL

I.I.M. Road, Ghaila, Lucknow, U.P.-226013

Phone: (Off.) 0522-2851181, 2851186, Fax: 0522-2851058

Email: careermedical@careertrust.in

Ref. No.:- CIMSH/2024/MBBS/Aug/04 Dated:- 05.08.2024

सेवा में,

**महानिदेशक**
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण
उ0प्र0 6वां तल, जवाहर भवन
लखनऊ, उ0प्र0

**विषयः— यू0पी0 नीट यू0जी0—2024 की काउन्सिलिंग के माध्यम से एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों से शुल्क लिये जाने के संबंध में।**

महोदय,

आपके पत्रांक संख्या एमई—3 / यू0जी0—2024 / 1530 लखनऊ दिनांक 30.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें आप द्वारा यू0पी0 नीट यू0जी0—2024 के अन्तर्गत संचालित **एम0बी0बी0एस0** में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शुल्क का विवरण, आप द्वारा निर्देशित प्रारूप पर भरकर प्रेषित करने हेतु निर्देश दिया गया है। यू0पी0 नीट यू0जी0—2024 हेतु अभ्यर्थियों के शुल्क के सम्बन्ध में आप द्वारा दिये गये प्रारूप पर भरकर आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित कर रहा हूँ।

| शिक्षण शुल्क (Tution Fee) | छात्रावास शुल्क (Hostel Fee) | सिक्योरिटी शुल्क (Security Fee) | विविध शुल्क यदि कोई (Misc. Fee) If any | कुल योग (Grand Total) (शिक्षण शुल्क एवं छात्रावास शुल्क (Tution & Hostel Fee) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 |
| 15,95,000 / — पन्द्रह लाख पंचान्नबे हजार—प्रतिवर्ष | 1,50,000 / — एक लाख पचास हजार— **(Compulsary) (Complete including 4 times fooding)**<br>1,50,000 / — एक लाख पचास हजार— **(Compulsary with all facilities)** | 3,00,000 / — **One Time-REFUNDABLE** | 25,000 / — **Only at the admission time**<br>**(Including all miscellaneous Fee)** | 18,95,000 / — अट्ठारह लाख पंचान्नबे हजार कुल—प्रतिवर्ष **(Tution Fee+Hostel Fee Included)** |

सधन्यवाद!

एडमीशन को—आर्डिनेटर

D J COLLEGE
Estd. Since 1999

# D. J. COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH

(Run by : Jassar Dental Medical Education Health Foundation)

AJIT MAHAL, NIWARI ROAD, MODINAGAR-201 204 (Distt. Ghaziabad) U.P.
Mob.: 9068940681, 9368564767

Ref. No. ........ डी0जे0सी0 / पत्र / 2024 /

Dated ........................ 09.08.2024

सेवा में,

महानिदेशक
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0 प्र0,
छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ

विषयः यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 के अन्तर्गत बी0डी0एस0 पाठयक्रम में प्रवेश हेतू अभ्यर्थियो से लिये जाने वाले शुल्क के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके द्वारा प्रेषित पत्रांक सं0 एम0ई0–3 / 2024 / 1530 दिनांक 30 जलाई 2024 के सन्दर्भ में आपको यह अवगत कराना है कि यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 के अन्तर्गत बी0डी0एस0 पाठयक्रम में प्रवेश हेतू अभ्यर्थियो से लिये जाने वाले शुल्क के सम्बन्ध का विवरण निम्नलिखित है–

| शिक्षण शुल्क | छात्रावास शुल्क | सिक्योरिटी शुल्क | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 3,00,000 / – | 90,000 / – | 0 | 3,90,000 / – |

अतः आपसे निवेदन है कि आवशकतानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करे।

सधन्यवाद।

Principal & Dean
D.J. College of Dental Sciences & Research, Modinagar (U.P.)

*(डा0 प्रदीप शुक्ला)*
*प्रधानाचार्य*

**Career Post Graduate Institute of Dental Sciences & Hospita**
I.I.M. Road, Ghailla, Lucknow-226013
Tel-0522-2851001, 2960439
www.careerdentalcollegelucknow.com , E-mail- careerdental@careertrust.in

Ref. No.:- CPGIDSH/UG/2024/04 Dated:- 01.08.2024

सेवा में,
**महानिदेशक**
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण
उ0प्र0 6वां तल, जवाहर भवन
लखनऊ, उ0प्र0

**विषयः– यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 की काउन्सिलिंग के माध्यम से बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों से शुल्क लिये जाने के संबंध में।**

महोदय,

आपके पत्रांक संख्या एमई–3/यू0जी0–2024/1530 लखनऊ दिनांक 30.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें आप द्वारा यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 के अन्तर्गत संचालित **बी0डी0एस0** में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शुल्क का विवरण, आप द्वारा निर्देशित प्रारूप पर भरकर प्रेषित करने हेतु निर्देश दिया गया है। यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 हेतु अभ्यर्थियों के शुल्क के सम्बन्ध में आप द्वारा दिये गये प्रारूप पर भरकर आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित कर रहा हूँ।

| शिक्षण शुल्क (Tuition Fee) | छात्रावास शुल्क (Hostel Fee) | सिक्योरिटी शुल्क (Security Fee) | विविध शुल्क यदि कोई (Misc. Fee) If any | कुल योग (Grand Total) (शिक्षण शुल्क एवं छात्राव शुल्क (Tuition) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 |
| 1,99,000/– (एक लाख निन्नाबे हजार–प्रतिवर्ष) | 1,20,000/– (एक लाख बीस हजार–प्रतिवर्ष वैकल्पिक) **(Fooding + Lodging)** | **NIL** (शून्य) | **5000/- Only at the admission time (Including all miscellaneous Fee)** | 1,99,000/– (एक लाख निन्नाबे हजार–प्रतिवर्ष) |

सधन्यवाद!

एडमीशन को–आर्डिनेटर

TEERTHANKER MAHAVEER DENTAL COLLEGE & RESEARCH CENTRE, MORADABAD

**BDS COURSE FEES FOR SESSION 2024-2025**

| शिक्षण शुल्क (Tution fee) | शिक्षण शुल्क (Jain) (Tution fee) | छात्रावास शुल्क (Hostel fee) | सिक्योरिटी शुल्क (Security fee) | विविध शुल्क यदि कोई (Mise. fee) If any | कुल योग (Grand Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 |
| Rs. 1,98,000/- (One Lakh & Ninety Eight Thousand Only) per annum | | Rs. 90,000/- (Ninety thousand only) per annum for Triple sharing with Mess Charges | Nil | Nil | Rs.2,88,000/- (Two Lakh & Eighty Eight Thousand Only) |
| | Rs. 1,78,000/- (One Lakh Seventy Eight Thousand Only) per annum | Rs. 90,000/- (Ninety thousand only) per annum for Triple sharing with Mess Charges | | | Rs.2,68,000/- (Two Lakh & Sixty Eight Thousand Only) |

Enrolment Fee Rs. 5000/- One time at the beginning of session.
Examination Fee Rs. 16000/- at the end of each year.

Director (Administrat
Teerthanker Mahaveer
Moradabad

Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC

# TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY

(Established under Govt. of. U.P. Act. No. 30, 2008)
Delhi Road, Moradabad-244001 (U.P.) India
Tel. : +91-0591-2360222, 2476801, E-mail : university@tmu.ac.in, Website : www.tmu.ac.in

सेवा में,

दिनांकः 06.08.2024

**महानिदेशक**
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण
छठा तल, जवाहर भवन,
लखनऊ

**विषयः यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 की काउंसिलिंग के माध्यम से तीर्थंकर महावीर डेंटल कालेज एण्ड रिसर्च सेंटर के बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों से शुल्क लिये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय पंत्राक सं0 एम0ई0–3/2024/1530 लखनऊ दिनांक 30.07.2024 के सन्दर्भ में आपको अवगत कराना है कि यू0पी0 नीट यू0जी0–2024 की काउंसिलिंग के माध्यम से तीर्थंकर महावीर डेंटल कालेज एण्ड रिसर्च सेंटर के बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों से लिये जाने वाले शुल्क का विवरण पत्र के साथ संलग्न है।

महोदया की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सादर धन्यवाद।

भवदीय

(अभिषेक कपूर)
**निदेशक प्रशासन**

संलग्नकः उपरोक्तानुसार